# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 14.08.2022

**#आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोंक सिंह के निर्देशन व डीसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में डायल-112 गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा 30 कि0मी0 लम्बा फ्लैग मार्च कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।**

आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देशन व डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साह के नेतृत्व में आज दिनांक 14/08/2022 को डायल-112 गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा 30 कि0मी0 लम्बा फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग गलगोटिया यूनिवर्सिटी से समय प्रातः 11ः00 बजे शुरू होकर 1ः30 बजे जेवर टोल पर पहुंचा जहां डीसीपी ट्रैफिक गौतमबुद्धनगर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस फ्लैग मार्च में डायल-112 के 125 पुलिसकर्मियों द्वारा भाग लिया गया और लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने और आपसी भाईचारा व देश भक्ति की भावना रखने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान डीसीपी ग्रेटर नोएडा, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा जोन के सभी एसीपी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।





**#स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर देशभर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा सेवानिवृत्त 52 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 में आमंत्रित किया गया और उल्लेखनीय/सराहनीय कार्य करने वाले कमिश्नरेट के 77 पुलिसकर्मियों एवं अपर पुलिस महानिदेशक, यू०पी० डायल-112 लखनऊ द्वारा सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।**

दिनांक 14.08.2022 को स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व सायंकाल पर पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में रहने वाले सेवानिवृत्त 52 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया। पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों का निरंतर देश सेवा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया और सभी लोगों के कार्यकाल की प्रशंसा की गई एवं किसी भी समय जरूरत पडने पर तुरंत सहायता करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा जनपद स्तर पर उल्लेखनीय/सराहनीय कार्य करने वाले 77 पुलिसकर्मियों एवं अपर पुलिस महानिदेशक, यू0पी0-डायल-112 लखनऊ द्वारा सराहनीय कार्य के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के ऑडिटोरियम में सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत/सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी पुलिस अधिकारीगण द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के साथ भोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रामबदन सिंह, पुलिस उपायुक्त नोएडा हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त से0नो0 राजेश एस0, पुलिस उपायुक्त यातायात, गणेश प्रसाद शाह, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा आशुतोष द्विवेदी, अपर पुलिस उपायुक्त सै0 नोएडा/लाईन अंकिता शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**#आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस आयुक्त भारती सिंह के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा पिंक रैली का आयोजन किया गया।**

आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोंक सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस आयुक्त भारती सिंह के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 14/08/2022 को थाना सेक्टर-20 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर-18, अट्टा मार्किट, चाइना कट मार्किट व आसपास की अन्य जगहों पर पिंक रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं की सहायता हेतु बनाये गये पिंक बूथो पर पुलिस अधिकारीगण व महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एकत्र होकर उत्सव मनाया गया। पिंक रैली में महिला सुरक्षा इकाई व स्वयं सिद्धा टीम की लगभग 300 महिला पुलिसकर्मियों द्वारा हाथो में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर घनी/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व मुख्य बाजारों में पिंक वाहनों व पैट्रोलिंग वाहनों से रूट मार्च किया गया और महिलाओं के मन में सुरक्षा का भाव पैदा किया गया। इस पिंक रैली के आयोजन का मुख्य उददेश्य सभी महिलाओं को आगे आकर आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस पिंक रैली कार्यक्रम में डीसीपी महिला सुरक्षा मीनाक्षी कात्यायन, डीसीपी नोएडा हरीश चन्दर, एडीसीपी महिला सुरक्षा अंकिता शर्मा, एडीसीपी नोएडा आशुतोष द्विवेद्वी, संबंधित एसीपी व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।





**1-थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा सुबह मार्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगो से चेन छिनने वाला एवं राजस्थान से डकैती की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक जोडी सोने की बाली, 2 सोने के सिक्के बरामद।**

दिनांक 14.08.2022 को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा सुबह मार्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगो से चेन छिनने वाला एवं राजस्थान से डकैती की घटना में वांछित अभियुक्त सचिन उर्फ चतरू पुत्र जोगेन्द्र निवासी ग्राम गेझा, फेस-2, गौतमबुद्धनगर को लैबर चौक भंगेल के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक जोडी लेडीज सोने की बाली, 2 सोने के सिक्के बरामद किये गये है जिसके सम्बन्ध में थाना उद्योग नगर, जिला अलवर, राजस्थान पर मु0अ0सं0 501/22 धारा 457,395,397,307,412 भादवि पंजीकृत है, साथ ही अभियुक्त थाना फेस-2 नोएडा के मु0अ0सं0-241/22 धारा- 392/411/414 भादवि में भी वांछित चल रहा था।

**अभियुक्त का विवरणः**

सचिन उर्फ चतरू पुत्र जोगेन्द्र निवासी ग्राम गेझा, फेस-2, गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 241/22 धारा 392/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 501/22 धारा 457/395/397/307 /412 भादवि थाना उद्योग नगर, जिला अलवर, राजस्थान।

3.मु0अ0सं0 719/2019 धारा 34/352/506/504/323/452/148/147 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1.एक जोडी सोने की बाली

2. 02 सोने के सिक्के



**2-थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के उपरान्त थाना का टॉप-10 गैंगस्टर बदमाश व वांछित लुटेरा घायल अवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।**

दिनांक 14.08.22 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के एलजी गोल चक्कर से गामा-1 की ओर आने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी, तभी मोटरसाइकिल पर आते एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया परंतु उसके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से अवैध अस्लाह से फायर किया गया जिसपर बचाव मे पुलिस द्वारा फायर किया गया तो पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु चलायी गयी गोली पैर में लगने के कारण बदमाश सोनू पुत्र जगपाल निवासी ग्राम मकरैडा, थाना मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तंमचा मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक चोरी की मोटरसाइकिल सीडी डिलेक्स चोरी की घटना में प्रयुक्त बरामद हुई है। बदमाश शातिर किस्म का चेन लुटेरा व थाना बीटा-2 का गैंगस्टर व टॉप-10 वांछित अपराधी है। घायल बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।

अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा है जो राह चलती महिला/पुरूषों से चेन लूटकर फरार हो जाता है। इसके द्वारा पहले भी चेन छीनने की घटनाए कारित की गई है जो चेन छीनते समय डराने धमकाने के लिये अपना पास अवैध अस्लाह भी रखता है।

**अभियुक्त का विवरणः**

सोनू पुत्र जगपाल निवासी ग्राम मकरैडा, थाना मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद(घायल)

**आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0-649/2015 धारा 392 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0-650/2015 धारा 392 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

3.मु0अ0सं0-651/2015 धारा 414 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

4.मु0अ0सं0-652/2015 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

5.मु0अ0सं0-761/2015 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

6.मु0अ0सं0-407/2022 धारा 392/411 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

7.मु0अ0सं0-416/2022 धारा 392/411 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

8.मु0अ0सं0-447/2022 धारा 392/411 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

9.मु0अ0सं0-450/2022 धारा 392/411 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

10.मु0अ0सं0-451/2022 धारा 307/414/482 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1.एक अवैध तंमचा मय 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर।

2.एक चोरी की मोटरसाइकिल सीडी डिलक्स